जनता की आवाज, जनता का आदेश

# राष्ट्रीय जनादेश

janadesh2012@gmail.com www.rashtriyajanadesh.com

बैतूल, शुक्रवार 13 फरवरी 2026 » वर्ष-29 » अंक-24 » आर.एन.आई.नं. 69078/98 » पृष्ठ -06 » मूल्य-2 रू.




# 160 गांव ड्राई जोन में, पीएचई नहीं कर पाएगा बोर खनन, मचेगा हाहाकार

**▪ जरुरत के अनुसार अमला भी नहीं, गर्मी में हो सकती है लोगों की फजीहत**

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। गर्मी शुरू होने को है और इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में जल संकट भी सिर उठाना शुरू कर देता है। जिले में 160 गांव ऐसे हैं जो कि ड्राई जोन में आते हैं। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग को इस साल बोर खनन की अनुमति ही नहीं है। ऐसे में यदि जिले में कहीं जल संकट की स्थिति बनती है तो हाहाकार मचना तय है। दूसरी और बड़ी समस्या यह है कि पीएचई विभाग के पास पर्याप्त मैदानी अधिकारी भी नहीं है, जबकि काम कई गुना ज्यादा बढ़ गया है।**

शायद ही कोई साल ऐसा जाता है जब गर्मी के दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति न बनती हो। हालांकि समूह नल-जल योजनाओं और नल-जल योजनाओं के जरिए ग्रामीण अंचलों में स्थिति काफी सुधरी है, लेकिन अभी भी ऐसा बिल्कुल नहीं है कि जिले में कहीं भी जल संकट की स्थिति बनेगी ही नहीं। केवल बीते साल की स्थिति देखे तो जिले के 160 गांव ड्राई जोन में पाए गए थे। यह गांव मुलताई, प्रभातपट्टन, भैंसदेही, भीमपुर और आठनेर ब्लॉकों के हैं। इन गांवों में पानी की भारी किल्लत लोगों को झेलनी पड़ी। हालांकि पानी की समस्या को देखते हुए पीएचई ने इन गांवों में काफी इंतजाम किए थे,



लेकिन ऐसा नहीं है कि इस साल किसी भी गांव में परेशानी नहीं होगी।

### दर्जनों गांवों में फिर होगी भारी दिक्कत

विभागीय सूत्रों का मानना है कि तमाम व्यवस्थाओं के बावजूद इस साल 60 से 100 गांवों में पानी के लिए फिर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ड्राई जोन में मौजूद इन गांवों के अलावा मोटर जलने या ट्यूबवेल सूख जाने से उन गांवों में भी जल संकट की अचानक स्थिति निर्मित हो सकती है, जिनमें जल संकट की स्थिति बनने की कोई संभावना नहीं है।

### ▪ महज 12 इंजीनियरों के भरोसे जिला

विभाग का काम जितना बढ़ा है और दायरा बढ़ा है, उस स्थिति में अमला भी काफी लंबा-चौड़ा चाहिए, लेकिन वास्तविक स्थिति इसके ठीक उलट है। जिले में एसडीओ के 5 पद स्वीकृत हैं, लेकिन एक भी पदस्थ नहीं है। इसी तरह सब इंजीनियरों के 18 पद स्वीकृत हैं, लेकिन महज 12 पदस्थ हैं। इनमें से भी 5 तो एसडीओ का प्रभार संभाल रहे हैं। इन हालातों में अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभाग किस तरह से अपना कामकाज चला रहा है।

### पीएचई का काफी बढ़ चुका है काम

पीएचई की एक बड़ी समस्या यह भी है कि उसके पास पर्याप्त अमला ही नहीं है। वर्तमान में जिले में 919 नल जल योजनाएं हैं। वहीं इसी महीने 50 से 60 योजनाएं और शुरू शेष पेज 2 पर..

### इनका कहना...

ड्राई जोन में शामिल गांवों में पिछले साल काफी व्यवस्थाएं की गई थीं। हालांकि कुछ में फिर जल संकट की स्थिति बन सकती है। इसके लिए विभाग द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी जहां भी दिक्कत होगी, उसका निराकरण किया जाएगा। इसके लिए प्लानिंग भी बनाई जा रही है।

**- मनोज बघेल**
**कार्यपालन यंत्री, पीएचई, बैतूल**

# कचरे को रिसाइकल करने ट्रेंचिंग ग्राउंड में बनेगा एमआरएफ सेंटर

**▪ नपा करेगी 1.77 करोड़ रुपये खर्च, आस-पास रहने वालों को मिलेगी राहत**



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** घरों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करके उसकी रिसाइक्लिंग के लिए नगर पालिका गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में एमआरएफ सेंटर बना रही है। इस पर 1.77 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एमआरएफ सेंटर बनाने के लिए टेंडर सहित सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही इसका काम शुरू किया जाएगा। एमआरएफ सेंटर बनने से ट्रेंचिंग ग्राउंड के आसपास रहने वालों को खासी राहत मिल सकेगी। ट्रेंचिंग ग्राउंड पर वैसे तो अभी भी एक एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर है, लेकिन यह बेहद छोटा है। यही कारण है कि शहर से निकलने वाले पूरे कचरे का यह सेंटर उपयोग नहीं कर पाता है। इससे ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे का अंबार शेष पेज 2 पर..

# 1.93 करोड़ की ऑनलाइन धोखाधड़ी, दस हजार का फरार इनामी आरोपी धराया



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** बीते साल जिले में 1 करोड़ 93 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया था। इस प्रकरण का मुख्य आरोपी लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। आखिरकार इस आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 9 फरवरी 2025 को थाना बैतूल बाजार में कुलदीप पिता गंगाराम राठौर निवासी भग्गूढाना बैतूल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी मिलन पिता दिलीप राठौर उम्र 33 वर्ष निवासी बडोरा, पंकज उर्फ ज्ञानप्रकाश साहू और देवकृष्ण साहू द्वारा ऑनलाइन 'रोबोट्रेड' एप्लीकेशन के माध्यम से 01 करोड़ 93 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है। इस पर थाना बैतूल बाजार में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### लगातार फरार चल रहा था आरोपी

मुख्य आरोपी मिलन राठौर घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा शेष पेज 2 पर..

# सिकमी पर सख्ती से चना, सरसो और मसूर में कोई पंजीयन नहीं


**▪ गेहूं बेचने 6 दिनों में 137 किसानों ने करवाया पंजीयन**

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** ज्वार और धान की उपज समर्थन मूल्य पर बेचने ठेकानामा बना कर (सिकमी) पंजीयन पर सख्ती बरतने और सिकमी पंजीयन प्रक्रिया में बदलाव करने से रबी विपणन वर्ष 2026 में समर्थन मूल्य पर उपज बेचने पंजीयन प्रक्रिया शुरू होने के 6 दिन बीत जाने के बावजूद चना, सरसो, मसूर के लिए कोई पंजीयन नहीं हुआ है। गेहूं बेचने के लिए पिछले 6 दिनों में 137 किसान पंजीयन करवा चुके है। जिसमें शाहपुर ब्लॉक में सर्वाधिक 29 किसानों और घोड़ाडोंगरी में सबसे कम एक किसान ने पंजीयन करवाया है। पंजीयन करवाने की अंतिम तारीख 7 मार्च है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से उपज खरीदने गत वर्ष खरीफ सीजन में जिले में कई व्यापारियों ने ठेकानाम के नाम पर ज्वार और धान बेचने बड़ी संख्या में फर्जी पंजीयन करवाए थे। समय रहते जिला प्रशासन द्वारा सिकमी पंजीयन की वास्तविक जांच करवा ली गई जिससे फर्जी पंजीयन करवाने वालों की असलियत सामने आ गई और सरकार को करोड़ो रूपए का चूना लगाने की योजना फेल हो गई। खरीफ सीजन में फर्जी सिकमी शेष पेज 2 पर..

### ▪ 74 पंजीयन केन्द्रों पर हो रहे हैं रजिस्ट्रेशन

रबी विपणन वर्ष 2026 में रबी फसल गेहूं, चना, सरसों, मसूर के लिए पंजीयन करवाने 7 फरवरी से पंजीयन शुरू कर दिए है। जिले में 74 पंजीयन केन्द्रों पर ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया शुरू हो गई। पंजीयन प्रक्रिया शुरू होने के 6 दिन बीत चुके है। गुरूवार शाम 6 बजे तक जिले में किसी भी किसान ने चना, सरसो और मसूर बेचने पंजीयन नहीं करवाया है। जानकारों का मानना है कि यदि सिकमी पंजीयन में सख्ती नहीं बरती जाती तो अभी तक सैकड़ों पंजीयन हो चुके होते।




# हड़ताल से बंद रहे जिले के 1600 आंगनवाड़ी केंद्र

**▪ प्रदर्शन में शामिल हुए 6 सैकड़ा से अधिक कर्मचारी**



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले भर में गुरुवार 12 फरवरी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन मध्यप्रदेश (सीटू) के आह्वान पर आयोजित राष्ट्रव्यापी केंद्र बंद हड़ताल का व्यापक असर दिखा। करीब 600 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं हड़ताल में शामिल रहीं तथा जिले के लगभग 1600 आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे। कर्मचारी भवन से निकली रैली शिवाजी चौक, पेट्रोल पंप, बस स्टैंड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया शेष पेज 2 पर..







# तलवार, कुल्हाड़ी से युवक पर प्राणघातक हमला

**▪ दोनों पैर, एक हाथ में फ्रैक्चर, सर में लगे आठ टांके**

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** बोरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम लिखड़ी में गुरूवार दोपहर में पुरानी रंजिश के चलते तीन भाईयों सहित 8-10 लोगों ने एक युवक पर तलवार, कुल्हाड़ी और लठ से प्राणघातक हमला कर दिया। युवक को इतनी बेरहमी से पीटा कि उसके दोनों पैर और एक हाथ की हड्डी फ्रेक्चर हो गई वहीं तलवार से हाथ की उंगलिया भी कट गई। सर में कुल्हाड़ी मारने से गंभीर चोट आई है जिससे सिर में आठ टाके आए है। घायल युवक की मां और दादी ने भागकर अपनी जान बचाई अन्यथा वे भी घायल हो सकती थी। परिजनों ने घायल युवक को आमला अस्पताल लाया वहां से जिला अस्पताल लाया गया जहां तहसीलदार द्वारा युवक के मृत्युपूर्व बयान दर्ज किए। युवक की हालात गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल से भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस शेष पेज 2 पर..



# संपादकीय

## एआई कंटेंट के लिए कड़े नियम

*केंद्र सरकार ने डीपफेक और एआई से तैयार कंटेंट के लिए डिजिटल नियमों को कड़ा कर दिया है। तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए इसकी सख्त जरूरत थी। ऑडियो, विडियो और तस्वीरों से छेड़छाड़ व फर्जी कंटेंट सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के साथ-साथ आम लोगों व देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। सोशल मीडिया पर कोई भी नियम लागू करने पर सबसे पहले अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सवाल उठाया जाता है, कि सरकार कहां तक निगरानी कर सकती है। इस लिहाज से नए नियम महत्वपूर्ण हैं, इनमें नियंत्रण से ज्यादा नियमन को तरजीह दी गई है। मकसद है, देखने वालों को असली और नकली के बीच का फर्क पता रहे, ताकि उसका इस्तेमाल किसी गलत काम के लिए न हो सके। नए नियमों के मुताबिक, एआई से तैयार कंटेंट पर हर हाल में लेबलिंग होनी चाहिए। यह भी जरूरी है कि कंटेंट आया कहां से है और अगर कोई सामग्री गैरकानूनी है तो उसे तीन घंटे के भीतर हटाना होगा। सरकार ने नियमों के पालन के लिए तय समय-सीमा भी घटाई है। ऑनलाइन चीजें जिस तेजी से वायरल होती हैं, उसे देखते हुए जरूरी था कि एक्शन की रफ्तार भी बढ़ाई जाए। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म और उनके सीनियर अधिकारियों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी डाली गई है, जो बिल्कुल ठीक है। ये कंपनियां हर बात में यूजर राइट्स और प्राइवेसी की आड़ लेकर बच नहीं सकतीं, उनकी भी जवाबदेही तय होना जरूरी है। भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा सोशल मीडिया यूजर मौजूद हैं और 86 प्रतिशत से ज्यादा घरों तक इंटरनेट पहुंच चुका है। डिजिटल इंडिया आज तरक्की का संकेत है, लेकिन इसके साथ चुनौतियां भी बढ़ी हैं। डीपफेक और एआई के जरिये ऑडियो-विडियो में छेड़छाड़ ऐसी ही एक गंभीर चुनौती है। सरकार से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक इस पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। साल 2024 में साइबर क्राइम के 22.68 लाख केस सामने आए थे। कई सेलेब्स शिकायत कर चुके हैं कि उनकी तस्वीरों-विडियो का इंटरनेट पर गलत इस्तेमाल हुआ। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का विस्तार अभी शुरू हुआ है। इसके साथ देशों की राजनीति, समाज, अर्थव्यवस्था - सब कुछ नए ढंग से आकार ले रहा है। नई दिल्ली में अगले हफ्ते से एआई समिट होना है, जिसमें इस फील्ड के दिग्गज शामिल होंगे। सरकार के इंडिया एआई मिशन की सफलता के लिए यह सम्मेलन बेहद अहम है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस में भारत ने अभी बस शुरुआत की है। सफर उम्मीद से बेहतर हो, इसके लिए बेहतर नियमन जरूरी है।*

# आज त्र्यंबकेश्वर को लगेगी मेहंदी

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर के कोठीबाजार स्थित थाना महाकाल चौक स्थित शिवालय में चल रहे शिव विवाह महोत्सव अंतर्गत हल्दी की परंपरागत रस्म श्रद्धा और विधि-विधान के साथ गुरुवार को संपन्न हो गई। उत्सव की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए अब त्र्यंबकेश्वर की मेहंदी रस्म आज 13 फरवरी, दिन शुक्रवार को रात्रि 8 बजे आयोजित की जाएगी।**



### यह कराएंगी मेहंदी की रस्म

समिति के आदर्श अग्निहोत्री ने बताया कि विवाह उत्सव अंतर्गत आयोजित मेहंदी रस्म की जिम्मेदारी साक्षी शर्मा, कशिश तातेड, कृष्णा अमरुते, सरिता राठौड़, प्रमिला धोत्रे, वंदना बंजारे, निर्मला यादव, रेनू चौरसिया, बिल्लो पवार, सरिता श्रीवास्तव, कल्पना मांझी, मीरा खेड़ले, आरती शुक्ला, ममता शुक्ला, सोनम मिश्रा और ज्योति यदुवंशी को सौंपी गई है। सभी प्रभारी पारंपरिक विधि-विधान से रस्म संपन्न कराएंगी।

### आकर्षण का केंद्र रहेंगे चलित लड्डू गोपाल

इधर श्री शंभू भोले सेवा उत्सव समिति ने बारात को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और दृश्यात्मक रूप से स्मरणीय बनाने की तैयारी पूर्ण कर ली है। समिति के लक्की यादव ने बताया कि शिव बारात में इस बार विशेष झांकियों के माध्यम से मनोरम दृश्य प्रस्तुत किए जाएंगे। बारात का प्रमुख आकर्षण चलित लड्डू गोपाल जी रहेंगे, जो एक विशेष सुसज्जित गाड़ी में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। श्रद्धालुओं को चलते रथ पर लड्डू गोपाल के दर्शन का अवसर मिलेगा, जिससे बारात का आध्यात्मिक वातावरण और सजीव होगा।

**▪ शिव बारात की झांकियों में दिखेंगे मनोरम दृश्य**

### भक्ति और सौंदर्य का संगम बनेगी बारात

समिति के अनुसार शिव बारात को इस बार पारंपरिक स्वरूप के साथ दृश्यात्मक रूप से भी समृद्ध किया जा रहा है। नगर भ्रमण के दौरान झांकियों, साज-सज्जा और धार्मिक प्रस्तुति के माध्यम से शिव भक्ति का वातावरण निर्मित किया जाएगा। आयोजन को सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए समिति के सदस्य सतत सक्रिय हैं।

# देशव्यापी हड़ताल के तहत बैतूल स्टेशन पर हुई गेट मीटिंग

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** हिंद मजदूर सभा एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित देशव्यापी आम हड़ताल को ऑल इंडिया रेलवेमेंस फेडरेशन से एफिलेटेड नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन शाखा बैतूल द्वारा नैतिक समर्थन दिया जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में आज बैतूल स्टेशन पर भी गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें रेलवे कर्मचारियों एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिक उपस्थित थे। इस देशव्यापी आम हड़ताल में मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को रद्द करने, निरस्त किए गए 29 लेबर अधिनियमों को बहाल करने, आठवें वेतन आयोग की सिफारिश 1 जनवरी 2026 से लागू करने, पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने, रेलवे में लाखों की संख्या में मौजूद रिक्तियों को भरने और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अंतर्गत भुगतान करने जैसे कई मुद्दे शामिल हैं।



आज की गेट मीटिंग को सचिव पवन दुबे, राजेश गुप्ता, सुनील महाले, आशीष नारे, आशीष पंडोले एवं परसराम के द्वारा संबोधित किया। साथ ही आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। यूनियन की बैतूल शाखा के संरक्षक अशोक कटारे ने बताया कि भविष्य में फेडरेशन से जो भी आदेश प्राप्त होगा, उसके अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।

# कर्त्तव्य पथ से लौटे कैडेट्स का किया भव्य स्वागत

## ▪ जेएच कालेज के 3 विद्यार्थियों ने किया नाम रोशन



*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर परेड में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महा-विद्यालय बैतूल की एक छात्रा और दो छात्रों ने सहभागिता कर जिले का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय परेड में शामिल होकर कर्तव्य पथ पर राष्ट्रध्वज को सलामी देने के सपने को कॉलेज की छात्रा किरण धुर्वे तथा छात्र लक्ष्मण उइके और मनीष गोदगाम ने साकार किया।*

### तीनों विद्यार्थियों का किया सम्मान

*कर्तव्य पथ से लौटने पर गुरुवार को जे एच कॉलेज परिसर में कैडेट्स का भव्य और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे ने तीनों कैडेट्स का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी रीतू साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चयन प्रक्रिया अत्यंत कठिन होती है । विद्यार्थियों ने बहुत कठिन परिश्रम करके यह उपलब्धि हासिल की है। प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी कैडेट्स की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहेगी । सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।*

# भोपाली में 14 से 16 तक विशाल भंडारा

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ शिव भक्त सेवा समिति बैतूल द्वारा लगातार 22 वें वर्ष भी भोपाली में 14, 15 और 16 फरवरी तक तीन दिवसीय विशाल भंडारा आयोजित किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि तीनों दिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की जाएगी, जहां दूर-दराज से आने वाले शिव भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए शिव भक्त सेवा समिति बैतूल के सदस्य और समस्त शिवभक्त बैतूल तैयारियों में जुटे हुए हैं। शिव भक्त सेवा समिति बैतूल ने इस पावन अवसर पर सभी शिव भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारे में आने का आह्वान किया है।*

# गिट्टी से भरे 3 वाहनों को किया जब्त

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ गिट्टी से भरे हुए तीन वाहनों को खनिज विभाग ने जब्त करने की कार्यवाही की है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध परिवहन, खनन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग ने 12 फरवरी को खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ बैतूलबाजार क्षेत्रांतर्गत मिलानपुर जोड़ के पास से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 48 एच 1150 को जप्त कर पुलिस थाना बैतूल बाजार की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। वहीं मुलताई क्षेत्रांतर्गत साईंखेड़ा जोड़ पर खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 वाहन डम्पर क्रमांक एमपी 48 जेडजी 6777 एवं एमपी 09 जेडवाय 8710 को जप्त कर पुलिस थाना साईंखेड़ा की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है।उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए कार्यवाही लगातार जारी है।*



पेज 1 से जारी...

### कचरे को रिसाइकल...

बढ़ता जा रहा है। कचरा जितने अधिक दिनों तक पड़ा रहता है, वह उतनी ही ज्यादा मुसीबत का सबब बनता है। इससे निकलने वाली बदबू आसपास रहने वालों का रहना मुश्किल कर देती है। इसके अलावा यह पर्यावरण को भी खासा दूषित करता है। इन्हीं सब परेशानियों को देखते हुए नगर पालिका द्वारा बड़ी एमआरएफ यूनिट यहां लगाई जा रही है।

### इतनी राशि की जाएगी खर्च

इस एमआरएफ प्लांट पर नपा द्वारा 1.77 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह 100 बाय 50 मीटर में बनेगा। यहां कचरा पहुंचने पर सबसे पहले उसका स्टोरेज करने के लिए कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलेशन प्लांट बनाया जाएगा। इसमें कंस्ट्रक्शन के वेस्ट मटेरियल का पृथक्करण किया जाएगा। दूसरी यूनिट कंपोस्टिंग यूनिट होगी। इसमें गीले कचरे से खाद बनाई जाएगी।

### इन मशीनों से लिया जाएगा काम

एमआरएफ सेंटर में फटका मशीन, श्रेडिंग मशीन और बेलिंग मशीन का उपयोग किया जाएगा। फटका मशीन से पॉलीथिन से मिट्टी, धूल हटाई जाएगी। श्रेडिंग मशीन से कट करके बारीक किया जाएगा। बेलिंग मशीन में इन छोटे-छोटे हिस्सों को डालकर उससे क्यूब या राउंड बनाकर कंप्रेस्ड करके रखा जाएगा। इसका अन्य कार्यों में उपयोग किया जा सकेगा।

### 160 गांव ड्राई...

हो जाएंगी। इन सभी योजनाओं की मॉनीटरिंग और मेंटेनेंस संबंधी मार्गदर्शन विभाग को ही देना होता है। जिले के ग्रामीण अंचलों में अभी तक करीब 2 लाख, 45 हजार लोगों को नल कनेक्शन देकर घर बैठे शुद्ध जल मुहैया कराया जा रहा है। जाहिर है कि विभाग के कार्य में पहले के मुकाबले कई गुना इजाफा हो चुका है।

### पीएचई नहीं कर सकेगा बोर खनन

किसी भी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति बनने पर पीएचई द्वारा नया बोर खनन करके या जल स्तर बहुत नीचे जाने पर मोटर लगा कर पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाती है। इस साल अभी तक पीएचई को बोर खनन करने की अनुमति ही शासन ने नहीं दी है। ऐसे में यदि कहीं जरुरत भी पड़ती है तो पीएचई विभाग नया बोर खनन कर जल संकट दूर नहीं कर पाएगा। ऐसे में पंचायतों या नगरीय निकायों को अपने स्तर पर ही बोर खनन की व्यवस्था करने को मजबूर होना पड़ेगा। पंचायतों को इसमें खासी परेशानी होगी, क्योंकि उनकी माली हालत उतनी मजबूत नहीं होती।

### 1.93 करोड़ की...

10000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से 2 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। रिमांड अवधि पूर्ण होने पर आरोपी को जिला जेल बैतूल दाखिल किया गया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बैतूल बाजार अंजना धुर्वे, उप निरीक्षक उत्तम मस्तकार, रश्मि ठाकुर, संतोष सिंह नागवे, एएसआई संजय कलम, प्रधान आरक्षक अशोक झरबड़े, अजय बरबड़े, आरक्षक कमल चौरे, कमल पंवार, भूपेन्द्र पटेल, चालक प्रधान आरक्षक सुखराम पंवार की सराहनीय भूमिका रही।

### सिकमी पर सख्ती...

पंजीयन को देखते हुए इस बार रबी सीजन की फसलों के पंजीयन शुरू होने के पूर्व ही जिला प्रशासन द्वारा पंजीयन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव कर दिया है। अब सिकमी किसानों के पंजीयन के लिए खेतमालिक की सहमति आवश्यक करने के साथ उनके मोबाईल पर ओटीपी भेजने के बाद ही पंजीयन करने की अनिवार्यता कर दी है। जिससे सिकमी किसान के रूप में पंजीयन करवाने वाले व्यापारी भी आगे कदम नहीं बढ़ा रहे है।

### गेहूं में 137 पंजीयन

समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने जरूर किसानों ने पहले दिन से ही पंजीयन करवाना शुरू कर दिया है। जिला आपूर्ति अधिकारी केके टेकाम ने बताया गुरूवार शाम तक जिले में चना, सरसो, मसूर बेचने एक भी पंजीयन नहीं हुए है वहीं गेहूं बेचने 137 किसानों ने 355.50 हैक्टेयर में बोई गेहूं की फसल के लिए पंजीयन करवा लिया है। शाहपुर ब्लॉक में सर्वाधिक 29 किसानों ने गेहूं बेचने पंजीयन करवाया है। वहीं मुलताई में 22, आठनेर में 19, बैतूल में 18, चिचोली में 15, भैंसदेही में 14, भीमपुर में 11, आमला में 5, प्रभातपट्टन में 3 और घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में मात्र एक किसान ने पंजीयन करवाया है। श्री टेकाम ने बताया पंजीयन करवाने की अंतिम तारीख 7 मार्च है। उन्होंने सभी किसानों से निर्धारित समय में पंजीयन करवाने की अपील की है।

### हड़ताल से बंद...

तथा महिला एवं बाल विकास अधिकारी गौतम अधिकारी को भी ज्ञापन दिया गया। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा लागू चार श्रम संहिताओं और नियमों को निरस्त किया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को ग्रेड-3 एवं ग्रेड-4 सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए तथा नियमितीकरण लंबित रहने तक न्यूनतम वेतन 32000 रुपये और 10000 रुपये मासिक पेंशन दी जाए।

### यह थी मौजूद

रैली में उपाध्यक्ष आशा सुरजे, योगिता शिवहरे, महासचिव पुष्पा वाईकर, कोषाध्यक्ष सुनीता तिवारी, संगीता कनाठे, काजल कुमरे, इंदिरा भारद्वाज, शबाना खान, गीता मालवी, स्नेहा डोंगरे, मीना जोठे, रुखसाना बानो, मुन्नी इवने, शकुन इवने, अर्चना टाले, रामकली धुर्वे, प्रमिला निरापुरे, अर्चना धोटे, सोनम मस्तराम, दयावती राजपूत शामिल रहीं। एमआर यूनियन से जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर और दिवेश शुक्ला, सीटू यूनियन के संरक्षक डीके दत्ता, ऑटो यूनियन से मनोहर आठनकर, संजीव आठनकर, अमित तिवारी, राजेंद्र तरुण, जयसिंहपुरे, खगेंद्र सोनी, जय निरापुरे और कामरेड श्रवण चिकाने सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### यह है प्रमुख मांगे

ज्ञापन में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार को संबोधित करते हुए टेक होम राशन वितरण में लागू दो चरणीय प्रमाणीकरण व्यवस्था, फेस रिकग्निशन सिस्टम और आधार लिंक मोबाइल पर ओटीपी अनिवार्यता को तत्काल रद्द करने की मांग की गई। 1 जनवरी 2025 से लागू प्रक्रिया के तहत हर वितरण में चेहरे का मिलान और ओटीपी आवश्यक किए जाने से हितग्राही वंचित हो रहे हैं, नेटवर्क और मोबाइल समस्याओं के कारण वितरण प्रभावित हो रहा है तथा असफलता पर मानदेय कटौती और नौकरी से हटाने की धमकी दी जा रही है। यूनियन ने स्पष्ट कहा कि बुनियादी ढांचे के बिना डिजिटलीकरण और एफआरएस थोपना हितग्राहियों के अधिकारों और आंगनबाड़ी कर्मियों के सम्मान दोनों पर आघात है।

### तलवार, कुल्हाड़ी से...

मामले की जांच कर रही है। बोरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम लिखड़ी निवासी यश यादव पिता राजेश यादव (23) की गांव के ही मंगरया यादव उसके दो भाई कलिया यादव, झापड़्या यादव, इनकी मां सहित 8-10 लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। यश की दादी भागवंती यादव ने बताया कि इन्हीं आरोपियों ने 15 दिन पहले भी यश के पिता राजेश यादव की बेरहमी से पिटाई की थी। गुरूवार दोपहर में मंगरया यादव के मवेशी उनके खेत में लगी फसल खा रहे थे तो उसने मवेशी ले जाने की बात कहीं। वह उन्हें इतनी नागवार गुजरी कि मंगरया लठ, कलिया यादव कुल्हाड़ी, झापड़्या यादव तलवार लेकर 8-10 लोगों के साथ मारपीट करने आ गया। 8-10 लोगों को हथियार लेकर आता देख वह स्वयं और यश की मां यशोदा यादव उन्हें देखकर भाग गए और अपनी जान बचाई लेकिन आरोपियों ने उसके नाती यश को पकड़कर बेरहमी से पिटाई कर दी। कलिया यादव ने सिर पर कुल्हाड़ी मारी वहीं झापड़्या ने तलवार मारी जिससे बचने में उसकी हाथ की उंगली कट गई। मंगरया सहित अन्य लोगों ने लठ से बेरहमी से पिटाई की, जिससे उसके दोनों पैर और बाएं हाथ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई। घटना स्थल से भागी यश की मां और दादी गांव से ग्रामीणों को लेकर पहुंची तो आरोपी भाग गए। परिजनों ने घायल यश को आमला अस्पताल लाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया। यहां तहसीलदार द्वारा यश के मृत्यू पूर्व बयान लिए गए। यश की हालात गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल से भोपाल रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिनदहाड़े हुए इस हमले से ग्राम में दहशत माहौल है।

## चैक गुम सूचना

मैं मनमोहन बुंदेले, निवासी राजेंद्र वार्ड, बैतूल गंज, बैतूल आप सभी को सूचित कर रहा हूं कि मेरा खाता बैतूल नागरिक बैंक बैतूल में है। मेरे बैंक खाता का एक चैक क्रमांक 033713 दिनांक 12.12.2025 को कहीं गुम हो गया है। काफी तलाश करने पर भी यह चैक नहीं मिल रहा है। इस चैक का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा गलत उपयोग न किया जाएं, इसलिए यह सार्वजनिक सूचना प्रकाशित कर रहा हूं। चैक गुम होने की सूचन बैतूल गंज थाना बैतूल को भी दे दी गई है।

## सूचना

मेरा नाम salman Husain rizvi s/o adil rizvi है मै जिला जेल के पीछे कोठी बाजार में रहता हु मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड पासपोर्ट में नाम Salman Husain rizvi है और 10th, 12th की मार्कशीट में तथा वोटर आईडी कार्ड में salman Hussain Rizvi है मै इस बात की पुष्टि करता हूं कि ये दोनों नाम मेरे ही है।


## कार बेचना है

टाटा नेक्सों कार टॉप मॉडल फुली लोडेड बढ़िया कंडीशन में 2020 का मॉडल है जो भी लेने का इच्छुक हो इन नंबरों पर कांटेक्ट करें कार मुलताई में है।

संपर्क करे : 9425610958 9713016459



## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि मेरी (Akshata Agrawal) के पिता का नाम मेरे पुराने पासपोर्ट में "Prem Chand" अंकित है, जबकि मेरी 10वीं की अंकसूची में "Prem Agrawal" तथा आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र (Voter ID) एवं पैन कार्ड में "Premchand Agrawal" दर्ज है। इसी प्रकार, मेरी माता का नाम मेरे पुराने पासपोर्ट में "Sweeti Premchand Agrawal" अंकित है, जबकि मेरी 10वीं की अंकसूची एवं आधार कार्ड में "Sweeti Agrawal" दर्ज है।

मैं यह घोषित करती हूँ कि "Prem Chand", "Prem Agrawal" एवं "Premchand Agrawal" एक ही व्यक्ति, अर्थात् मेरे पिता के नाम हैं। साथ ही "Sweeti Premchand Agrawal" एवं "Sweeti Agrawal" मेरी माता के ही नाम हैं। यह सूचना पासपोर्ट अभिलेख में संशोधन हेतु प्रकाशित कराई जा रही है। भविष्य में किसी भी आपत्ति के लिए मैं स्वयं उत्तरदायी रहूँगी।

**अक्षता अग्रवाल**
**(Akshata Agrawal), बैतूल**


## मंदिर निर्माण में करें सहयोग



नगर के गणेश वार्ड स्थित हाथी नाले के पास (चुन्नीढाना) गंज-बैतूल में 100 साल पुराने नागदेव वटकेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में सभी धर्मप्रेमियों से आर्थिक सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील मंदिर समिति ने की है। मंदिर निर्माण में जो भी धर्मप्रेमी सहयोग करना चाहते हैं वह इन नंबरों पर नवल सिंह ठाकुर 9424488462, राजीव पाठक 9981338289 संपर्क कर दान स्वरूप राशि दे सकते हैं।


सौजन्य : दैनिक राष्ट्रीय जनादेश परिवार, बैतूल

## पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता है

- साईट इंजीनियर (कंस्ट्रक्शन )-1 पद
- शिफ्ट सुपरवाईजर -2 पद ▪ डीएसएम - 2 पद
- हाउसकीपिंग-2 पद ▪ कंस्ट्रक्शन सुपरवाईजर-1 पद

संपर्क : हाईवे ग्लोरी बीपीसीएल डीलर बडोरा, बैतूल मो. 6260196621

1602

## मंडी भाव, कृषि उपज मंडी, बैतूल

दिनांक : 12.02.2026

| जिंस का नाम | आवक | न्यूनतम | उच्चतम | प्रचलित |
|---|---|---|---|---|
| सोयाबीन पीला | 748 | 4100 | 5350 | 4800 |
| चना | 15 | 4275 | 4501 | 4400 |
| मक्का | 22924 | 1150 | 1700 | 1540 |
| गेहूं | 3135 | 2326 | 2511 | 2450 |
| सरसों | 4 | 4500 | 4500 | 4500 |
| तुअर | 12 | 6301 | 7001 | 6501 |
| मूंग | --- | --- | --- | --- |
| उड़द | --- | --- | --- | --- |
| गुल्ली | --- | --- | --- | --- |
| मसूर | --- | --- | --- | --- |
| बटना | --- | --- | --- | --- |
| योग | 26838 | | | |

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मयूर भार्गव द्वारा मुद्रक डीबी कॉर्प लिमि. फौजदार गैरेज, पवारखेड़ा इटारसी रोड, होशंगाबाद से मुद्रित और प्रधान कार्यालय सिविल लाइन, बैतूल से प्रकाशित। संपादक-मयूर भार्गव। समस्त दीवानी, फौजदारी एवं न्यायिक कार्यवाही के लिए क्षेत्राधिकारी बैतूल न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालय-917141355484

## खबर एक नजर

### केबल सहित चुराई पानी की मोटर



**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)।** पूर्णा डेम में लगी पानी मोटर एवं तांबा केबल चोरी होने की शिकायत किसानों ने भैंसदेही थाने में आवेदन के माध्यम से दर्ज कराई है। किसानों ने आवेदन में बताया कि रबी फसल की सिंचाई के लिए पूर्णा डेम पर पानी की मोटर लगाई थी। इसमें से पांच मोटर और केबल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। जिससे किसानों को हजारों रूपये का नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा दर्जनों किसानों के मोटर केबल और मोटर चोरी की है। इसमें संजू लिखितकर, श्रावण बर्डे, युवराज पारखे, साहेबराव, वासुदेव, रविशंकर, सुडक्या, अशोक मालवीय, गुरूभजन, हरी सहित अन्य किसानों के सैकड़ों फीट केबल चोरी हुए है। जिसके कारण किसान फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे है और फसले सूख रही है। किसानों ने अज्ञात चोरों को जल्द पकड़कर कठोर कार्रवाही किये जाने की मांग की है।

### मंगल भवन निर्माण के लिए दी राशि



**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)।** ब्लाक की ग्राम पंचायत ग्राम मालेगांव में स्व. गीता बाई महाले पत्नि गणेशराव महाले एवं शिवकुमार महाले (शिक्षक) द्वारा अपनी माताजी की स्मृति में मंगल भवन निर्माण के लिए 21 हजार एवं स्व. अकुशराव देशमुख की स्मृति में उनके पुत्र विजय देशमुख, अश्विन देशमुख तथा पत्नि द्वारा 51 हजार रूपये शिव गौरी मंगल भवन निर्माण के लिए समिति के अध्यक्ष यूडी लिखितकर, उपाध्यक्ष यशवंतराव देशमुख, प्रो. एसमडी वाघमारे को सौंपा। इस सराहनीय कार्य की ग्रामवासी एवं उपस्थित जनों ने प्रशंसा की। भवन निर्माण में बड़ चड़कर सहायता करने की मंशा जाहिर करते हुए ग्राम विकास का मार्ग प्रशस्त्र किया गया।

### मां ताप्ती परिक्रमा यात्रियों का घोघरा घाट पर किया स्वागत



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** ताप्ती दर्शन यात्रा का घोघरा घाट में जोरदार स्वागत किया गया। ताप्ती परिक्रमा के तहत निकली यह पदयात्रा हजीरा, गुजरात (सूरत) से प्रारंभ होकर उद्गम स्थल मुलताई तक पहुंचेगी। पदयात्रा के मुख्य राजेश दिक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा का समापन 17 फरवरी को होगा। उन्होंने कहा कि मां ताप्ती जी की असीम कृपा से हर वर्ष अलग-अलग किनारों से गुजरते हुए अनेकों तीर्थ स्थलों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होता है और यह अनुभव अत्यंत आनंददायक होता है। घोघरा घाट पर यात्रियों के स्वागत में जनपद पंचायत भीमपुर के जनपद अध्यक्ष भैय्यालाल इरपाचे, चोहटा पोपटी के सरपंच रामकिशोर धुर्वे सहित जन आस्था सेवा समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था भी की गई। मां ताप्ती के जयकारों के साथ घाट पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और यात्रियों ने आगे की यात्रा के लिए आशीर्वाद लेकर प्रस्थान किया।

# सामान्य सभा की बैठक में बिफरे भाजपा के पार्षद

- बोले- शहर का कर डाला बंटाधार अब खोद रहे कुआं
- जल संकट और साइकिल स्टैंड की निविदा पर उठाए सवाल

**आमला(राष्ट्रीय जनादेश)। नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक बुधवार को हंगामेदार रही। बैठक के दौरान शहर की समस्याओं को लेकर भाजपा पार्षद राकेश शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे आमने-सामने आ गए, जिससे काफी देर तक हंगामा होता रहा। वार्ड 5 के पार्षद राकेश शर्मा ने परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले 4 साल में शहर का बंटाधार हो गया है। हर वार्ड में समस्याओं का अंबार लगा है और परिषद के कामकाज से कोई खुश नहीं है।**

### अब कर रहे पेयजल संकट पर चर्चा

श्री शर्मा ने पेयजल व्यवस्था पर जिम्मेदारों को घेरते हुए कहा कि गर्मी सिर पर है और अब पेयजल संकट पर चर्चा की जा रही है। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा- क्या जब आग लगेगी, तब कुआं खोदोगे? पार्षद की बात पर नपा अध्यक्ष नितिन गाडरे ने पलटवार करते हुए कहा कि समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है और बंटाधार जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना गलत है। बैठक के एजेंडे में शामिल 6 मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिनमें पेयजल व्यवस्था, बाजार वसूली और पंचवटी कॉलोनी की समस्याएं प्रमुख रहीं। बैठक में अध्यक्ष नितिन गाडरे, उपाध्यक्ष किशोर मथानकर, सीएमओ



नितिन बिंजवे सहित पार्षद और कर्मचारी मौजूद थे।

### साइकिल स्टैण्ड के लिए तय करो स्थल

बैठक में वाहन पड़ाव और साइकिल स्टैंड की निविदा (टेंडर) निकालने पर भी चर्चा हुई। इस पर वार्ड 8 की पार्षद ममता धमोड़े ने आपत्ति जताते हुए कहा कि निविदा निकालने से पहले स्थान का चयन किया जाना चाहिए। जगह निश्चित न होने के कारण लोग कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे आम जनता को परेशानी होती है।

### बोड़खी में बिछाई जाएगी पाइप लाइन

वार्ड 18 (बोड़खी क्षेत्र) में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के निराकरण पर भी सहमति बनी। परिषद की बैठक में बोड़खी क्षेत्र में 500 मीटर पाइप लाइन बिछाने और बंद पड़े बोरवेल को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया।

## श्री राम दरबार एवं शनिदेव प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा आज

*__मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।__ ग्राम डहुआ में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत श्रीराम दरबार एवं शनि देव की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह किया जा रहा है। 11 फरवरी को कलश यात्रा एवं भव्य झांकी के बाद 12 फरवरी को अभिषेक शुद्धिकरण एवं स्नान परायण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसके बाद 13 फरवरी को प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूजन के साथ विशाल भंडारा संपन्न होगा। हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में के संबन्ध में ग्राम के मनोज बारंगे ने बताया कि श्री रामायण मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीराम दरबार एवं शनि देव की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है जिसके तहत 13 फरवरी शुक्रवार को प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें डहुआ सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। उन्होने बताया कि प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें धार्मिक झांकियां प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रही। कलश यात्रा में गांव की श्रद्धालु महिलाएं कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा गांव में भ्रमण के उपरांत मंदिर प्रांगण पहुंची जहां अन्य कार्यक्रम संपन्न हुए।*

# बड़े पैमाने पर हो रहा रेत का उत्खनन, कोई विभाग नहीं ले रहा सुध

**नांदा(राष्ट्रीय जनादेश)।** विकासखंड भीमपुर के अंतर्गत बड़ी नदी छिंदी खापा से रोजाना रेत का बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा है। इससे शासन को लाखों रुपये का चूना लग रहा है। यहां नदी से रोजाना ट्रैक्टर से रेत भर कर लाई जाती हैं और रात में डंपरों में भरकर साइट पर पहुंचाई जाती है। रेत के इस अवैध कारोबार में लगे लोगों की बात माने तो रेत के इस कारोबार को ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित किया जा रहा है। उनका साफ कहना है कि वे ग्राम पंचायत से रायल्टी देते हैं।

यह बात अलग है कि वे बिना रायल्टी के चलते हैं। पेसा एक्ट में नियम है कि ग्राम पंचायत अपनी ही ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य के लिए रेत ले सकती है, लेकिन पेसा एक्ट का बहाना बनाकर पूरी नदी को खोखला किया जा रहा है।

इससे शासन को लाखों रुपये का चूना माफिया द्वारा लगाया जा रहा है। बताया जाता है कि जिन स्थानों से रेत निकाली जा रही है वहां पर कुछ जगह वन विभाग का क्षेत्र है तो कुछ स्थानों पर राजस्व विभाग का क्षेत्र आता है। यह दोनों विभाग भी आंखें मूंदे बैठे हैं, जिससे यह आरोप भी लग रहे हैं कि रेत के इस अवैध कारोबार में इनकी भी मिलीभगत है।

ग्राम पंचायत जामू तथा ग्राम पंचायत चोहटा पोपटी के अंतर्गत ताप्ती नदी से भी रेत का भारी अवैध उत्खनन हो रहा है, लेकिन विभागों इस पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही है। खनिज विभाग मात्र रास्ते से गुजरने वाले वाहनों की पकड़-धकड़ करके रस्म अदायगी कर लेता है, लेकिन बड़े पैमाने पर जिन स्थानों से रेत उलीची जा रही है, वहां पर कभी नहीं पहुंचता।

# चिचोली बाजार में चोरों ने कई लोगों के चुराए मोबाइल

*__चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)।__ मंगलवार को यहां लगने वाले साप्ताहिक बाजार से कई लोगों के मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। मोबाइल चोरी की घटना से लोगों में हड़कंप मच गया।*

*पीड़ित लोगों ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। सब्जी मार्केट में सब्जियां लेने गए चिचोली निवासी प्रदीप शिवदयाल आर्य, प्रमोद आर्य, बबलू आर्य, फॉरेस्टर अकरम भाईजान ने थाने में जाकर शिकायत की है कि उनका मोबाइल चोरी हो गया है। एक साथ कई लोगों के मोबाइल चोरी होने से चिचोली पुलिस की सक्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं।*

*गौरतलब है कि पुलिस का काम है कि बाजार के दिन अपनी सक्रियता बढ़ाए और पुलिस जवान कुछ जगह तैनात रहे, जिससे बाजार की व्यवस्था बनी रहे। पुलिस की मौजूदगी से चोरों के हौसले भी पस्त होंगे और वे अपनी हरकतों को अंजाम नहीं दे पाएंगे। बहरहाल, पीड़ितों ने पुलिस से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द मोबाइल चोरों को पकड़ा जाएं।*


# चोरी की रेत-ईंट से खड़ी कर दी बाउंड्रीवाल


- ठेकदारों से इंजीनियर की मिली भगत उजागर

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जनपद पंचायत शाहपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कान्हेगांव के घिसीबागला गांव में निर्माण की गई बाउंड्रीवाल में अनियमितताओं का ग्राफ लगातार ऊपर चढ़ता जा रहा है। अब जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे केवल लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहे हैं।

### नियमों को ताक पर रख किया भुगतान

विश्वसनीय सूत्रों और स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, इन निर्माण कार्यों में अवैध रूप से निकाली गई चोरी की रेत और बिना रॉयल्टी की ईंटों का खुलेआम उपयोग किया है। साथ ही उनका भुगतान शाहपुर के महाकाल बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर शाहपुर ठेकेदार के जीएसटी वाले बिल से विधिवत किया है। सवाल यह है कि जब नियमों के अनुसार हर सामग्री का सत्यापन और गुणवत्ता




परीक्षण अनिवार्य है, तो फिर यह सब किसकी निगरानी में हो रहा है?

### इंजीनियर की भूमिका संदिग्ध

निर्माण कार्यों की तकनीकी स्वीकृति और निरीक्षण की जिम्मेदारी जिन इंजीनियर पर है, उनकी भूमिका पर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि स्थल निरीक्षण केवल कागजों में हो रहा है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना गुणवत्ता जांच के कार्य को हरी झंडी देना सीधी ठेकेदार से मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

### खरीदी के नाम पर दोहरी लूट

एक ओर चोरी की रेत और ईट से निर्माण कराया गया है, वहीं दूसरी ओर सरकारी रिकॉर्ड में महंगी और वैध सामग्री की खरीदी दर्शाई जा रही है। यानी कागजों में सब कुछ साफ, लेकिन जमीन पर पूरा खेल काला। यह चर्चा जोरों पर है लोग व्यंग्य करते हुए कहते हैं कि %सब गांधी जी के आगे नतमस्तक हैं, इसलिए भ्रष्टाचार बेखौफ होकर फल-फूल रहा है।

### बाउंड्री वाल की जांच की मांग

अब जरूरत है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, ग्राम पंचायत कान्हे गांव के निर्माण कार्यों की तकनीकी ऑडिट हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अन्यथा विकास के नाम पर हो रही यह लूट जनता के भरोसे और सरकारी योजनाओं दोनों की हत्या साबित होगी।

# शादी वाले घर पर पलटा रेत से भरा डंपर

- घटना से लाखों रुपए का हुआ नुकसान



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** रेत से भरा एक डंपर शादी वाले घर पर पलट गया। वह तो शुक्र है कि घटना के समय घर में कोई नहीं था वरना बड़ी घटना घट सकती थी। हालांकि घर मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। हादसे में घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। परिवार वाले सभी बेटी की शादी की तैयारी कर रहे थे। ऐसे में इस घटना से उन्हें बड़ा सदमा लग गया है। जानकारी के अनुसार, डंपर तेज रफ्तार में था और चालक ने अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। डंपर मकान की दीवार तोड़ते हुए भीतर तक जा घुसा और पलट गया। घटना के समय घर में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और वे किसी तरह बाहर निकले।

### बेटी की 22 फरवरी को होनी है शादी

यह हादसा बैतूलबाजार के समीप ग्राम बोरीकास में आनंद राव सरेआम के घर पर हुआ है। बताया जा रहा है कि 22 फरवरी को उनकी बेटी की शादी निर्धारित है। शादी की तैयारियों के बीच हुए इस हादसे से परिवार को बड़ा झटका लगा है। मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और एक बैलगाड़ी भी मलबे में दब गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। डंपर चालक करण विश्वकर्मा को भी चोटें आई हैं। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि डंपर भौरा से रेत लेकर गांव में ही बन रहे चेतराम निरापुरे के मकान की ओर जा रहा था।

### मालिक मौके पर पहुंचा, जांच शुरू

डंपर मालिक दिनेश मालवीय भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने डंपर को हटवाने की कार्रवाई शुरू कर दी है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। बैतूलबाजार टीआई अंजना धुर्वे ने पुष्टि की कि फिलहाल किसी की मौत या गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

# विश्वकर्मा मंदिर में होंगे गरीबों के निःशुल्क विवाह

- बोर्ड परीक्षार्थियों को मंदिर में मुफ्त मिलेगी ठहरने की सुविधा




**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** विश्वकर्मा बढ़ई समाज समिति जिला बैतूल की विगत दिनों आयोजित आवश्यक बैठक में समाजहित से जुड़े दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समाज समिति अध्यक्ष गणेश मालवी एवं सचिव शशिकांत मालवी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा जिले में ऐसे परिवारों के बच्चे-बच्चियों, जिनके विवाह में आर्थिक दिक्कतें आती हैं, उनका विवाह निःशुल्क सामाजिक रीति-रिवाजों से कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत वर-वधु के माता-पिता की सहमति अनिवार्य होगी। यदि किसी कारणवश माता-पिता जीवित नहीं हैं तो स्थानीय समाज के एक या दो सामाजिक बंधुओं एवं रिश्तेदारों की सहमति आवश्यक होगी। विवाह की तिथि शीघ्र तय कर सार्वजनिक रूप से घोषणा की जाएगी।

### परीक्षार्थियों को मिलेगी बड़ी सुविधा

बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बताया गया कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले समाज के छात्र-छात्राएं समयाभाव के कारण परीक्षा केंद्र पर समय से नहीं पहुंच पाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए समाज समिति ने विश्वकर्मा मंदिर में परीक्षार्थियों के लिए रात्रि में निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है, ताकि विद्यार्थी सुबह समय पर अपने परीक्षा केंद्र पहुंचकर परीक्षा दे सकें। समाज समिति ने जिले भर के ऐसे छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

# एंटी रैबीज इंजेक्शन होने के बाद भी मरीज को लौटाया

- कुत्ते का शिकार बने युवक ने की शिकायत

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। एक तो नगर आवारा कुत्तों की फौज लोगों को अपना शिकार बना रही है वहीं घायल अवस्था में जब अस्पताल पहुंच रहे हैं तो उन्हें एंटी रैबीज इंजेक्शन होने के बावजूद भी बैरंग लौटाया जा रहा है। इस तरह से अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। ताजा मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई का है।**

### आए दिन लोगों को काट रहे कुत्ते

मुलताई में हजारों की संख्या में आवारा कुत्ते घूम रहे हैं। सुबह-शाम बाजार, मोहल्लों और स्कूलों के आसपास कुत्तों के झुंड देखे जा सकते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को आए दिन कुत्ते काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में सरकारी अस्पताल में समय पर एंटी रैबीज इंजेक्शन न मिलना गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

### मरीज को कर दिया रेफर

बुधवार रात को मुलताई निवासी सलीम अपने भांजे छोटू को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। छोटू




को घर लौटते समय एक कुत्ते ने काट लिया था। परिजनों के अनुसार, अस्पताल के कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि एंटी रैबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है और मरीज को बैतूल ले जाना होगा। रात के समय अचानक बैतूल जाना परिवार के लिए एक बड़ी परेशानी बन गया। सलीम ने बताया कि नगर में कुत्तों की समस्या पहले से ही गंभीर है, ऊपर से अस्पताल में इलाज भी नहीं मिल रहा। यदि समय पर इंजेक्शन न लगे तो मरीज की जान को खतरा हो सकता है।

### मरीज को इलाज नहीं मिला

इस पूरे मामले में अस्पताल के ड्रग स्टोर प्रभारी पंकज बुवाडे ने बताया कि अस्पताल में एंटी रैबीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने स्टॉक में किसी प्रकार की कमी से इनकार किया। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि जब इंजेक्शन मौजूद थे, तो रात में आए मरीज को उपचार क्यों नहीं दिया गया। इस घटना के सामने आने के बाद नागरिकों ने अस्पताल प्रबंधन से स्पष्टीकरण की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि इंजेक्शन उपलब्ध हैं, तो 24 घंटे आपातकालीन सेवा में उनका उपयोग क्यों नहीं हो पा रहा है।

# भगवान भोलेनाथ की हुई सगाई

- शनि मंदिर में निभाई गई रस्में

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात उत्सव सेवा समिति बैतूल गंज के तत्वाधान में बैतूल शहर में भगवान शिवजी की भव्य बरात निकाली जाएगी। धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत 11 फरवरी को सायं 4 बजे गंज स्थित शनि मंदिर में शिवजी की सगाई से हुई। 12 फरवरी को सायं 4 बजे खनमट्टी कार्यक्रम आयोजित किया गया। 13 फरवरी को प्रातः 10 बजे हल्दी की रस्म संपन्न होगी। 14 फरवरी को रात्रि 8 बजे मेहंदी एवं संगीत का भव्य आयोजन किया जाएगा। मुख्य आकर्षण 15 फरवरी रविवार को सायं 4 बजे रहेगा, जब शनि मंदिर गंज से भगवान शिवजी की भव्य बरात निकाली जाएगी। बरात गंज के काश्मीर चौक, श्री हनुमान चौक, बाबू चौक, नंदी चौक, दिलबहार चौक, गंज बस स्टैंड से मैकेनिक चौक होते हुए माता मंदिर पहुंचेगी। वहां से पुनः बस स्टैंड मार्ग से होते हुए शनि मंदिर पहुंचकर महाआरती के साथ समापन होगा। आयोजन में बड़ी संख्या में शिव भक्त महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल होंगे। आयोजन समिति ने जिले के समस्त शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शिव बरात में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



# असम राइफल्स में चयनित बेटियों को किया विदा

**▪ प्रेरणा साहू और आरती मालवीय को स्टेशन तक छोड़ा**



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** विनोबा नगर की दो बेटियों कुमारी प्रेरणा साहू एवं कुमारी आरती मालवीय के असम राइफल्स में चयन से हर्ष का माहौल है। गुरुवार को कुमारी प्रेरणा साहू को उनके निज निवास से स्टेशन गंज तक गाजे-बाजे के साथ रवाना किया गया। साहू समाज के सभी बंधुगण दोपहर 12 बजे शिव मंदिर, विनोबा नगर के पास एकत्रित हुए, जहां से सामाजिक बंधुओं ने उन्हें सम्मानपूर्वक रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया।

### गाजे-बाजे से स्टेशन तक छोड़ा

दोनों बेटियां अब राष्ट्र सेवा के पावन कर्तव्य का निर्वहन करेंगी। उनका प्रशिक्षण 15 फरवरी से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण के लिए वे 12 फरवरी को दोपहर 1: 50 बजे पुरी-जोधपुर एसएफ एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना हुईं। इस अवसर पर परिजन एवं साहू समाज नगर समिति के पदाधिकारी बैतूल रेलवे स्टेशन पहुंचे दोनों बेटियों से मिले और उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

### इन्होंने दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम में पूर्व पार्षद पिंटू महाले और पार्षद शिला महाले भी उपस्थित रहे। इंटरनेशनल स्कूल में भी दोनों बेटियों का सम्मान किया गया। अग्रसेन विद्यालय के संचालक अनिल राठौर ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। परिवार एवं समाज ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि प्रेरणा साहू और आरती मालवीय परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम गौरवान्वित करें।

# दो युवतियों ने खाया जहर, एक फांसी पर झूली, दो की मौत



**▪ बारहवीं का पेपर बिगड़ने से परेशान छात्रा ने लगाई फांसी**

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। बोर्ड परीक्षा शुरू होने के साथ ही विद्यार्थियों के डिप्रेशन में जाकर आत्मघाती कदम उठाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। बोर्ड परीक्षा में अभी सिर्फ अंग्रेजी का प्रश्नपत्र ही हुआ है, लेकिन पेपर बिगड़ने से आत्महत्या करने की भी शुरूवात हो गई है। बुधवार को भैंसदेही थाना क्षेत्र के ग्राम चिचोलीढाना में कक्षा बारहवीं में अध्यनरत एक छात्रा ने अंग्रेजी की पेपर बिगड़न के बाद फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसके साथ ही मुलताई थाना क्षेत्र के तिरमंहू में एक 18 वर्षीय युवती और कालडोंगरी निवासी एक 17 वर्षीय युवती ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई।**

जिला अस्पताल में दोनों शवों की पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया हैं वहीं एक युवती का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भैंसदेही थाना अंतर्गत ग्राम चिचोलीढाना निवासी अदिती श्रोती पिता ऋषि श्रोती (17) कक्षा बारहवीं में अध्यनरत है। 10 फरवरी के उसका अंग्रेजी का पेपर था। प्रश्न पत्र बिगड़ने से अदिती तनाव में थी बुधवार को वह घर पहुंची और किसी से बात नहीं की। शाम को उसने घर में ही दुपट्टे से फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फांसी पर झुलते हुए देखा तो तुरंत ही फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरूवार सुबह जिला अस्पतालमें पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसी प्रकार ग्राम कालडोंगरी निवासी 17 वर्षीय युवती भावना नागले पिता गुलाबचंद नागले ने गुरूवार दोपहर में अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। उस समय उसके माता पिता बाहर थे। परिजनों को इसकी सूचना मिलते ही गुरूवार दोपहर लगभग 3 बजे उसे जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भावना के जहर खाने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने जिला अस्पताल में पीएम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम तिरमहु निवासी 18 वर्षीय युवती भूमिका वट्टी पिता कैलाश वट्टी ने भी अज्ञात कारणों से बुधवार शाम को जहरीला पदार्थ खा लिया जिसे परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती किया है। युवती के जहर खाने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पल्स धीमी पड़ने से हुई पूर्व डीजीएम की मौत

**▪ 40 सदस्यीय दल के साथ निकले थे धार्मिक यात्रा पर**



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** हम उम्र 40 सदस्यों के साथ धार्मिक यात्रा पर निकले तमिलनाडू के पूर्व डीजीएम की पल्स धीमी पड़ने से मौत हो गई। साथी उनका शव लेकर तमिलनाडू के लिए रवाना हो गए हैं। गुरुवार को परिजनों ने यहां पहुंचकर उनका पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद उनका शव लेकर तमिलनाडु रवाना हुए। तिरुचिरापल्ली जिले के पिच्चाई कुप्पम (73) बीएसएनएल में डीजीएम पद से सेवानिवृत्त थे और अपने हमउम्र साथियों के 40 सदस्यीय दल के साथ धार्मिक यात्रा पर निकले थे। वह उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर इटारसी होते हुए तमिलनाडु लौट रहे थे। बुधवार सुबह जब साथियों ने उन्हें नाश्ते के लिए उठाया, तो उन्होंने थोड़ी देर बाद नाश्ता करने को कहा। करीब दस बजे जब उन्हें दोबारा उठाया गया, तो उनकी पल्स बहुत धीमी चल रही थी। ट्रेन के बैतूल स्टेशन पहुंचने पर जीआरपी की मदद से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को परिजन और साथी बैतूल पहुंचे और पोस्टमार्टम कराया गया। बेटे प्रसन्ना ने बताया कि पिता को पहले से कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा। परिजन शव को अपने साथ ले गए हैं।









## जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, आठ जुआरियों को दबोचा

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ कोतवाली बैतूल पुलिस ने एक जुआ फड़ पर छापा मार कार्रवाई कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के*



*पास से 7200 रुपये की राशि बरामद की है। पुलिस ने बताया कि 10 फरवरी थाना कोतवाली पुलिस ने ग्राम चूनालोमा में जुआ फड़ पर दबिश दी। यहां मौके पर कुछ लोग जुआ खेलते पाए गए, जिन्हें रंगे हाथों पकड़ा गया। यहां से ताश की गड्डी एवं नकद राशि बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विशाल पिता दुकारी उईके आमढाना, सुनील पिता जगदन यादव प्रभुढाना, देवा पिता फते सिंह परते महूढाना, लड्डू उर्फ उत्तम पिता शंकर राठौर चूनालोमा, रूपेश पिता शिवबक्श राठौर चूनालोमा, अंकित पिता शंकर राठौर चूनालोमा दुर्गेश पिता जगदीश राठौर चूनालोमा और नीलेश पिता विष्णु सिंह सिसोदिया, रातामाटी शामिल हैं।*

## व्यापारी से मारपीट करने वाले फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ बैतूल गंज थाना पुलिस ने व्यापारी के साथ मारपीट करने वाले 2 फरार इनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि 3 दिसंबर को व्यापारी राहुल पिता गोविंद हिरानी*



*निवासी हाउसिंग बोर्ड गंज बैतूल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शुभम उर्फ लाला साहू एवं उसके दो-तीन साथियों ने लोहे के पाइप से जान से मारने की नियत से उसके सिर पर हमला कर मारपीट की। रिपोर्ट पर थाना गंज में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुख्य आरोपी शुभम उर्फ लाला साहू निवासी ग्रीन सिटी को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। मुखबिर सूचना के आधार पर अब फरार आरोपियों अजय पिता जगन्नाथ डहेरिया उम्र 28 वर्ष निवासी ग्रीन सिटी और राजेश पिता देवीराम पंवार उम्र 27 वर्ष निवासी साईंखेड़ा को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इन पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित था।*

## महंगा पड़ा किशोरी को पत्र देना और छेड़छाड़ करना, गिरफ्तार

*__मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।__ एक नाबालिग किशोरी को बार-बार पत्र देना और उसके साथ छेड़छाड़ करना एक युवक को महंगा पड़ गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 8 फरवरी को एक नाबालिग पीड़िता ने*



*थाना मुलताई में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी गणेश यादव (उम्र 22 वर्ष) निवासी वंडली द्वारा उसे बार-बार पत्र देकर बातचीत करने हेतु दबाव बनाया जा रहा था। यही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। आरोपी ने बुरी नियत से हाथ पकड़कर छेड़छाड़ भी की गई। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना मुलताई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम वंडली में घेराबंदी कर आरोपी गणेश को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।*

# अफसरों ने दी योजनाओं की जानकारी, किसानों की जिज्ञासों का किया समाधान

**▪ रेडियो किसान दिवस पर आकाशवाणी में हुआ उन्नत कृषि व्याख्यान एवं संवाद**





**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम किसान वाणी के अंतर्गत गुरुवार को आकाशवाणी केंद्र परिसर में रेडियो किसान दिवस के अवसर पर उन्नत कृषि व्याख्यान एवं संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी व बड़ी संख्या में उन्नत कृषक शामिल हुए।**

कार्यक्रम प्रमुख सचिन भागवत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत भाषण सहायक अभियंता ओपी भूमरकर द्वारा दिया गया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी प्रशांत नारनवरे, प्रवीण चौरे, इंजीनियरिंग स्टाफ से संजय गुजरे, अशोक सोनारे, गिरीश कमल चौहान, कांता प्रसाद टिकारे और अनिल भूमरकर ने किया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के उप संचालक डॉ. आनंद बडोनिया ने किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उप संचालक उद्यानिकी बैतूल, उप संचालक पशुपालन व डेयरी फार्मिंग बैतूल सहित समन्वयक, कृषि विज्ञान केंद्र बैतूल बाजार और कृषि क्षेत्राधिकारी भारतीय स्टेट बैंक बैतूल ने अपने-अपने विभागों की योजनाएं कृषकों से साझा की। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों के मन में उठे प्रश्नों के जवाब देकर कृषकों की जिज्ञासा दूर की। कार्यक्रम का संचालन तथा समापन उद्घोषक योगेश्वर देशपांडे द्वारा किया गया।













# प्राचीन शिव मंदिर खेड़ला किला : यहां हर पत्थर देता है आध्यात्मिकता की गवाही

- महाशिवरात्रि पर होगी भोलेनाथ के जयकारों की गूंज, लगेगा मेला

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। महाशिवरात्रि पर एक बार फिर खेड़ला किला भोलेनाथ के जयकारों से गूंजेगा। शहर से 10 किलोमीटर दूर स्थित इस ऐतिहासिक किले के प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि के अवसर पर विशाल मेला लगेगा, जिसमें जिलेभर से श्रद्धालु पहुंचेंगे।**

खेड़ला किला स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी शिवम साबले ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर शनिवार रात्रि 8 बजे सुंदरकांड पाठ, रात्रि 12 बजे भगवान भोलेनाथ की महाआरती तथा रविवार को मेला आयोजित होगा। यहाँ पर लगने वाले मेले के दौरान आसपास के दर्जनों में मेहमानों की आमद से गांव-गांव में रौनक लौट आती है।

### गौड़ राजाओं का ऐतिहासिक गढ़

ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार खेड़ला किला 12वीं-13वीं शताब्दी के बीच राजा इल द्वारा बनवाया गया। 1365 में राजा हसदेव, 1398 में नरसिंह राय और बाद में राजा जैतपाल यहां के शासक रहे। मुगल काल के पश्चात भोसले वंश के राधोजी भोसले ने इसे अपनी राजधानी बनाया।



### राजा जैतपाल और स्वामी मुकुंदराव की कथा

लोककथाओं के अनुसार राजा जैतपाल ने अपने राज्य के सभी साधु-संतों को चमत्कार दिखाने का आदेश दिया। इसी क्रम में काशी से आए स्वामी मुकुंदराव ने अपने स्पर्श मात्र से औजारों को स्वयं चलाकर चमत्कार दिखाया। प्रभावित होकर राजा ने उन्हें सर्वोच्च स्थान प्रदान किया। यहीं स्वामी मुकुंदराव ने 'विवेक सिंधु' ग्रंथ की रचना की थी।

### खंडहर बनता जा रहा वैभव

कभी विशाल क्षेत्र में फैला खेड़ला किला आज इतना सिकुड़ गया है कि मेले के लिए भी पर्याप्त स्थान नहीं बचा। पुरातत्व विभाग की उपेक्षा के चलते आज केवल एक दीवार शेष खड़ी है, जो अपनी जर्जर अवस्था में इतिहास की पीड़ा बयां करती है। सांसद द्वारा लोकसभा में इसके जीर्णोद्धार का प्रश्न भी उठाया जा चुका है, किंतु स्थिति जस-की-तस है।

### तालाब में धंसा रहस्यमयी सूर्य मंदिर

किले के सामने लगभग 22 हेक्टेयर में फैला विशाल तालाब है, जिसके बीच सोने का सूर्य मंदिर धंसा हुआ बताया जाता है। किंवदंती है कि सूखा-अकाल निवारण और जल संरक्षण के उद्देश्य से राजा इल ने यह तालाब खुदवाकर मंदिर स्थापित कराया था। कई बार खुदाई हुई, पर हजारों टन मलबे के कारण मंदिर आज भी रहस्य बना हुआ है।

### पारस पत्थर और अंग्रेजों की कथा

लोककथाओं के अनुसार स्वामी द्वारा दिए गए पारस पत्थर से लोहे को सोना बनाया जाता था। मुगल आक्रमण के समय राजा ने इसे रावनवाड़ी तालाब में फेंक दिया। अंग्रेजों ने इसे पाने के लिए हाथियों तक को लोहे की जंजीरों से घुमाया एक जंजीर सोने की बनी, पर पारस पत्थर कभी किसी के हाथ नहीं लगा। कहते हैं, लालच में आए असंख्य लोग यहां से कुछ भी लेकर जीवित नहीं लौटे।

### ढाई क्विंटल साबूदाने की खिचड़ी

शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं के लिए आसपास के गांवों द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया जाता है। लिंबाजी बाबा समिति मलकापुर के सदस्य ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि इस वर्ष मलकापुर के शिवभक्तों की ओर से लगभग ढाई क्विंटल साबूदाने की खिचड़ी प्रसादी वितरित की जाएगी।

## खबर एक नज़र

### भाजपा ने बूथों पर मनाई दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि



*चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58 वीं पुण्यतिथि भाजपाइयों ने संगठनात्मक मंडलों के बूथों पर मनाई। इस मौके पर भाजपाइयों ने नगर चिचोली के 45 बूथों एवं चिरापाटला मंडल के 54 बूथों पर बूथ समिति के सदस्यों व स्थानीय लोगों की उपस्थिति में उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। नगर मंडल चिचोली के भाजपाइयों ने जनपद परिसर पहुंचकर वहां स्थापित उनकी प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी अमर रहे के नारे भी लगाए। इस अवसर पर चिचोली मंडल अध्यक्ष अमन आवलेकर, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष व सोसायटी उपाध्यक्ष शंकरराव चड़ोकार, पार्षद आशुतोष बाली मालवी मौजूद रहे।*

### धूमधाम से मनाई जाएगी शिवाजी जयंती

» तैयारियों को लेकर हुई बैठक

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती की तैयारियों को लेकर शहर के समाजसेवियों की बैठक संपन्न हुई। इस संबंध में वरिष्ठ समाजसेवी बीआर खंडाग्रे ने बताया कि 19 फरवरी, गुरुवार को शिवाजी चौक पर शाम 6 बजे शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष हजारों दीपों की रोशनी कर एवं पुष्प वर्षा कर शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। श्रीमती सरिता दीपक राठौड़ ने बैठक का संचालन किया और सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।*

### रोजगार मेला 18 को, युवाओं को मिलेगा अवसर

*शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)। स्थानीय युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर परिषद शाहपुर एवं वर्धमान ग्रुप, बुधनी के संयुक्त तत्वावधान में 18 फरवरी दिन बुधवार को भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला विजय भवन, नगर परिषद शाहपुर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। मेले में 5 वीं से 12 वीं पास युवक-युवतियों को रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। चयनित अभ्यर्थियों को 12,150 रूपये से प्रारंभिक वेतन प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 28 वर्ष निर्धारित की गई है। नगर परिषद शाहपुर के अध्यक्ष रोहित विक्की नायक ने बताया कि इस रोजगार मेले का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पात्र युवक-युवतियों से मेले में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रोजगार से आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे क्षेत्र के युवाओं को नई दिशा एवं सशक्त भविष्य की राह मिलेगी।*

### ई - ग्रंथालय में तीन सैकड़ा से अधिक पुस्तकें

» आवश्यकता अनुसार उपयोग करने की अपील

*भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)। वीर स्वतंत्रता संग्राम श्री गंजन सिंह कोरकू शासकीय महाविद्यालय भैंसदेही में ई - ग्रंथालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार दवंडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ई - ग्रंथालय पर तीन सौ से अधिक पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध है। इन पुस्तकों में सभी कक्षाओं के पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें भी शामिल है। विद्यार्थी इन पुस्तकों का अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग करें। कार्यक्रम में ग्रंथपाल अलकेश धोटे द्वारा विद्यार्थियों को ई - ग्रंथालय पोर्टल पर लॉगिन करने एवं यहां उपलब्ध पुस्तकों का उपयोग करने का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी बहुत आसानी से अपने मोबाईल नंबर या ई मेल आईडी के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं। महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब के साथ ही विद्यार्थी अपने मोबाईल पर भी इसका उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी के उपयोग के संबंध में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि वन नेशन वन सब्स्क्रिप्शन योजना के अंतर्गत रिसर्च जर्नल एवं शोध पत्र भी महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध हैं।*

# तकनीक को मानवीय मूल्यों से जोड़ना समय की मांग : डॉ. चौबे

- सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग पर विषय विशेषज्ञ ने साझा की जानकारी
- एआई, डीपफेक, डेटा प्राइवेसी के बारे में विद्यार्थियों को दिए टिप्स

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। तकनीक को मानवीय मूल्यों से जोड़ना आज के समय की मांग है। उक्त बात भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के निर्देशानुसार इंटरनेट सेफर डे 2026 के अवसर पर पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, जेएच कॉलेज बैतूल में विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. मीनाक्षी चौबे ने कही। कार्यक्रम सुबह 11 बजे कक्ष क्रमांक 68 (विज्ञान भवन) में स्मार्ट टेक, सेफ चॉइस, एक्सप्लोरिंग द सेफ एंड रिस्पॉन्सिबल यूज ऑफ एआई विषय पर संपन्न हुआ। उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सुरक्षित एवं उत्तरदायी उपयोग के प्रति जागरूकता और डिजिटल सतर्कता विकसित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मीनाक्षी चौबे ने की। उन्होंने डिजिटल साक्षरता को 21वीं सदी की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए विद्यार्थियों से तकनीकी नवाचारों को मानवीय मूल्यों से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अत्यंत सशक्त तकनीक है, किंतु इसके दुरुपयोग से बचना सामूहिक जिम्मेदारी है।**



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बताए प्रभाव

मुख्य वक्ता श्रीमती रचना श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र बैतूल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव, डीपफेक तकनीक, डेटा प्राइवेसी, साइबर सुरक्षा और डिजिटल पदचिह्न जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने चैटजीपीटी, गूगल बार्ड सहित एआई प्लेटफॉर्म के सीमित एवं समझदारीपूर्ण उपयोग पर बल दिया और आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए। तकनीकी सत्र में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के लगभग 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने चैटबॉट, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा संरक्षण, सोशल मीडिया एल्गोरिदम तथा फेक न्यूज की पहचान जैसे विषयों पर प्रश्न रखे, जिनका समाधान समिति सदस्यों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया।

### सुरक्षित और सजग रहने की दी प्रेरणा

कार्यक्रम का संचालन डॉ दिव्या डांगी ने किया। आयोजन समिति के संयोजक डॉ गोपाल पाटिल के मार्गदर्शन में प्रो. संतोष पाटिल, डॉ राहुल ठाकुर और उपेन्द्र भारती ने रूपरेखा, तकनीकी व्यवस्था और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। समापन पर कंप्यूटर विज्ञान एवं कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर मेश्राम ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्त और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जागरूकता व्याख्यान ने विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित और सजग रहने की प्रेरणा दी तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की संभावनाओं को समझने का अवसर प्रदान किया। आयोजन इंटरनेट सेफर डे 2026 की भावना तथा राष्ट्रीय डिजिटल सुरक्षा अभियान के लक्ष्यों के अनुरूप सार्थक पहल सिद्ध हुआ।



# केंद्र के अनुरूप महंगाई राहत व पेंशन संरक्षण की मांग

- विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। पेंशन संरक्षण एवं केंद्र शासन द्वारा स्वीकृत दिनांक व दर से महंगाई राहत भुगतान की मांग को लेकर विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा बैतूल ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम महाप्रबंधक (संचा/संधा), विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल वृत्त के माध्यम से प्रेषित किया। कार्यक्रम में लगभग 110 पेंशनर्स की उपस्थिति रही। संघ अध्यक्ष रेवाराम वराठे के नेतृत्व में ए.आर. देशमुख संगठन मंत्री, लक्ष्मी शंकर यादव, श्रीराम बारस्कर, तुलसीराम खासदेव, आर.पी. मंडेकर और प्रकाश धोटे ने ज्ञापन सौंपकर पेंशन संरक्षण की गारंटी तथा केंद्र शासन के अनुरूप स्वीकृत तिथि से महंगाई राहत का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग रखी। इस दौरान श्यामू सातनकर, मुन्नालाल मालवीय और वासुदेव कावड़कर सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।*

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने वेतन बढ़ाने की मांग

- संपर्क एप को बंद करने के लिए प्रशासन को सौंपा ज्ञापन




*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली और प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने गाया- सारी जनता रो रही है मोहन तेरे राज में। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम दो अलग-अलग ज्ञापन तहसीलदार पूनम साहू को सौंपे। यह प्रदर्शन ट्रेड यूनियन सीटू से संबद्ध आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन के बैनर तले किया गया।*

### संपर्क एप को बंद करने की मांग

*कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में मांग की कि उनके मानदेय को पोषण ट्रैकर और संपर्क एप से न जोड़ा जाए। उन्होंने संपर्क एप को तत्काल बंद करने की भी मांग रखी। इसके अतिरिक्त, तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश देने के आदेश को निरस्त करने की भी अपील की गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रव्यापी केंद्र बंद हड़ताल का समर्थन करते हुए जिलेभर के आंगनवाड़ी केंद्र बंद रखे। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने चार श्रम संहिताओं एवं नियमों को निरस्त करने की भी मांग की।*

### केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों का विरोध

*संगठन की जिला अध्यक्ष सुनीता राजपाल और महासचिव पुष्पा के अनुसार, यह आंदोलन केंद्र सरकार और राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में किया गया है। उन्होंने बताया कि ज्ञापन में कुल 25 और 13 बिंदुओं के माध्यम से मांगें रखी गई हैं। इनमें न्यूनतम वेतनमान तय करने, मानदेय में वृद्धि, सेवानिवृत्ति लाभ और सभी कार्यकर्ताओं को स्थाई कर्मचारी का दर्जा देने की मुख्य मांगें शामिल हैं।*

# पंचायतकर्मियों ने की वेतन बढ़ाने की मांग

- नियमित कर्मचारियों की तरह सुरक्षा दिए जाने सौंपा ज्ञापन

*बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)। वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि उन्हें नियमित कर्मचारियों की तरह सुविधा दी जाए। आउटसोर्स, अस्थाई और अंशकालीन ग्राम पंचायत कर्मचारियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव पर कटाक्ष करते हुए भजन के रूप में गीत गाकर अपनी मांगें रखीं, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भी उनका साथ दिया। कर्मचारियों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायतों में कार्यरत चौकीदार, भृत्य, सफाईकर्मी और वाहन चालक लंबे समय से न्यूनतम वेतन, मानदेय वृद्धि और सेवा-शर्तों के निर्धारण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने 7 जून 2013 के शासनादेश का हवाला देते हुए नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं प्रदान करने की मांग की है। उनकी प्रमुख मांगों में आउटसोर्स, अस्थाई और अंशकालीन कर्मचारियों को शासन के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समान वेतनमान और स्थायी पद का दर्जा देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कार्यकाल के दौरान सेवा पुस्तिका, सामाजिक सुरक्षा, भविष्य निधि, चिकित्सा सुविधा और पेंशन योजना लागू करने की मांग की है।*



*कर्मचारियों ने मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण 1948 के प्रावधानों के अनुसार मानदेय भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित करने, पहले से लंबित मानदेय और वेतन-अरियर का भुगतान करने तथा स्थायीकरण और नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की भी मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर शासन इन मांगों पर जल्द ठोस निर्णय नहीं लेता, तो कर्मचारी व्यापक आंदोलन खड़ा करेंगे।*

**ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों की कराई जा रही साफ-सफाई**

# पानी से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के प्रति किया जाएगा जागरूक

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और जल जनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान कार्यपालन यंत्री मनोज बघेल के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों की सघन साफ-सफाई कराई जा रही है।**

हैंडपंपों के चबूतरों की सफाई एवं मरम्मत, ट्यूबवेल और कुओं के आसपास स्वच्छता, पानी की टंकियों की धुलाई, ग्राम की नालियों की सफाई तथा स्कूल एवं आंगनवाड़ी परिसरों में नल कनेक्शन के आसपास स्वच्छता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही सभी पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन कर उन्हें जीवाणुमुक्त बनाया जा रहा है।

### किए जाएंगे यह सुधार कार्य

उन्होंने बताया कि आवश्यकतानुसार नल-जल योजनाओं के अवयव जैसे पाइपलाइन, वाल्व, लीकेज एवं विद्युत संबंधी सुधार कार्य पंचायत के समन्वय से किए जा रहे हैं। पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु ग्राम स्तर पर फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल परीक्षण कराया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं अन्य ग्रामीण महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट से पानी की जांच करने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।



### स्वच्छता बनाए रखने किया जाएगा जागरूक

इसके अतिरिक्त ग्रामों से जल नमूने एकत्र कर जिला स्तरीय प्रयोगशाला में रासायनिक एवं जैविक परीक्षण कराया जा रहा है। जल में प्रदूषण पाए जाने की स्थिति में द्रव क्लोरीन से उपचार किया जा रहा है। विभाग द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करते हुए यह संदेश दिया जा रहा है कि जल स्त्रोत से लेकर घरेलू नल कनेक्शन तक की स्वच्छता और सुरक्षा बनाए रखना समुदाय की भी जिम्मेदारी है। अभियान के सफल संचालन हेतु सभी उपखंडों के सहायक यंत्री, उपयंत्री, जिला एवं विकासखंड समन्वयक, हैंडपंप तकनीशियन तथा आईएसए संस्था के कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# घायलों की जान बचाने वाले 50 ऑटो एम्बुलेंस चालक सम्मानित

■ 10 वर्षों से बैतूल की सड़कों पर दौड़ रही सैकड़ों ऑटो एम्बुलेंस ■ मुलताई में भी 6 साल पूरे, एसपी-एएसपी ने की कार्य की सराहना

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। जिले के ओपन ऑडिटोरियम में गत दिवस आयोजित राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम में बैतूल एवं मुलताई के 50 ऑटो एम्बुलेंस चालकों को सम्मानित किया गया। एसपी वीरेन्द्र जैन, एएसपी कमला जोशी, एसडीओपी सुनील लाटा, टीआई नीरज पाल, यातायात प्रभारी गजेन्द्र केन ने इस अवसर पर ऑटो एम्बुलेंस चालकों की सराहना की। बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा जिले में दस वर्षों से जीवन रक्षक प्रकल्प ऑटो एम्बुलेंस योजना का संचालन जन सहयोग से किया जा रहा है। योजना के तहत बैतूल, आमला, मुलताई में विगत दस वर्षों में 1300 से अधिक घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया साथ ही 38 शवों का परिवहन भी किया गया है। इस जीवन रक्षक प्रकल्प के लिए बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति की अध्यक्ष गौरी पदम मुलताई संयोजक दीपेश बोथरा एवं संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों का भी सम्मान किया गया।**



## इनकी वजह से जारी है भलाई की सप्लाई

जिले में 5 जनवरी 2016 से प्रारंभ होकर जनसेवा के उद्देश्य से लगातार ऑटो एम्बुलेंस योजना संचालित है। योजना के क्रियान्वयन में बैतूल के समाजसेवियों एवं संस्थानों का सहयोग प्राप्त होता है। इसके अलावा शव परिवहन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल द्वारा ऑटो एम्बुलेंस चालक को एक हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। ऑटो एम्बुलेंस योजना ने भलाई की सप्लाई के रुप में भी पहचान बनाई है। ऑटो एम्बुलेंस चालकों को दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए 200-300 रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। संस्था अध्यक्ष गौरी पदम ने बताया कि आरडी पब्लिक स्कूल, डॉ ममता श्रीवास्तव, डॉ. जया श्रीवास्तव, अनिल खवसे, संदीप सोनी, अनूप जायसवाल, नीरजा श्रीवास्तव, माधवी ठाकुर, अनुराग मिश्रा, धीरज बोथरा, धीरज हिराणी, डॉ दीप साहू, डॉ नूतन राठी, डॉ श्याम सोनी, सरिता अतुलकर, लीना देशकर, मंजुला पाठक, अभिमन्यु श्रीवास्तव, सीए प्रदीप खण्डेलवाल, नीतेश उईके, तुलसी मालवी, विनय सिंह चौहान, नवनीत मालवीय, प्रचिति कमाविसदार, मेहर प्रभा परमार सहित अन्य सहयोगियों द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले आर्थिक सहयोग से भलाई की सप्लाई निरंतर जारी है।

## हिरण, बंदर, गाय के भी काम आई ऑटो एम्बुलेंस

ऑटो एम्बुलेंस पुलिस और आम नागरिकों के लिए भी मददगार साबित हो रही है। किसी दुर्घटना या अनहोनी की वजह से होने वाली मौत पर जब शव परिवहन के लिए पुलिस के पास वाहन नहीं होता तो ऑटो एम्बुलेंस की मदद ली जाती है। कुछ ऑटो चालकों को फोन पर भी सूचनाएं प्राप्त होती है जिससे वे तत्परता से मौके पर पहुंचकर मददगार बनते है। ऑटो एम्बुलेंस चालकों ने न सिर्फ सडक़ दुर्घटना अपितु ट्रेन हादसे, छत से गिरने, करंट, चाकूबाजी, मारपीट में घायल होने पर भी मदद की है। तीन बंदरों (1 मुलताई- 2 बैतूल) एक हिरण(मुलताई क्षेत्र) एवं 4 गायों (2 मुलताई-2 बैतूल ) को भी ऑटो एम्बुलेंस की मदद से पशु चिकित्सालय में समय पर उपचार प्राप्त हुआ।

## वर्ष 2025 में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मान

राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम में एसपी वीरेन्द्र जैन, एएसपी कमला जोशी, एसडीओपी सुनील लाटा, टीआई नीरज पाल, यातायात प्रभारी गजेन्द्र केन द्वारा वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य के लिए रेलवे स्टेशन से शेख सादिक, अकील बाबा, प्रदीप बड़ोदे, मोहम्मद कलीम, हरदीप इचप्राणी, एजाज खान, हास्पीटल चौक से श्रवण बारस्कर, मनीष मालवीय, रमेश चंदेल, सैंकीश्रीवास, राजेश मंदरे, तांगा स्टैण्ड गंज से नंद कुमार गव्हाड़े, दुर्गेश राठौर, बडोरा- राजेश जागरे, हिमांशु दुनसुआ, अनूप सूर्यवंशी, हमलापुर- बसंत राठौर, गेंदा चौक- सोहेब खान, हिमांशु ठाकुर, नीलेश चौधरी, तोदासिंग सोलंकी, रमेश निरापुरे, आकाश साहू, पेट्रोल पम्प चौक कोठीबाजार-महेश सूर्यवंशी, आबिद अली, बस स्टैण्ड- शेख जावेद, रियाजुद्दीन शाह, कांतिशिवा चौक-इमरान खान, जगदीश मगरे, अजय कुमार धुर्वे, राकेश बैरसिया, रैन बसेरा चौक-शेख आसिफ, गंज-शिव पंवार, कारगिल चौक-राम गायकवाड़, थाना चौक-राकेश बचले, सोहेल कुरैशी, मोहसिन अली, शाहिद कुरैशी, शेख आसिफ एवं मुलताई से श्रीलाल पंवार, दिनेश पंवार, शेख शब्बीर, विपिन यादव, विक्रम देशमुख, अजय नागले, कमलेश पंवार,शेख समीर, नागेश पौनीकर तथा शेख शाहरुख को सम्मानित किया गया।

# महाकाल सेवा समिति ने मोक्षधाम पर चलाया सफाई अभियान

*__घोड़ाडोंगरी (राष्ट्रीय जनादेश)।__ नगर के मोक्षधाम में गुरुवार को महाकाल सेवा समिति द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत झाड़ियों की कटाई व बाउंड्री की पुताई करने के साथ ही पन्नी व अन्य अनुपयोगी वस्तुओं को जलाया गया। महाकाल सेवा समिति समय-समय पर मोक्षधाम में सफाई अभियान का कार्य करती है जिसकी बदौलत मोक्षधाम काफी स्वच्छ नजर आता है। समिति के प्रीतिवर्धन चतुर्वेदी ने बताया कि 15 फरवरी को शिवरात्रि है और बाबा महाकाल के प्रिय स्थानों में से एक मोक्षधाम भी होता है। हमारे पूर्वजों के अंतिम निर्वाण का पावन स्थल भी मोक्षधाम है और हम सभी का कर्तव्य है कि इसे भी स्वच्छ और सुंदर रखे। सफाई अभियान में प्रमुख रूप से प्रीतिवर्धन चतुर्वेदी, मनोज प्रजापति, पार्षद मुकेश मेश्राम, रूपेश भोरवंशी, रिंकू सोनी, राजा खान, दीपक खातरकर, राजा सेन, मुकेश मोहबिया, मदन यादव, रामकेश यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।*



# विद्यार्थियों को बताया मानसिक तनाव प्रबंधन का महत्व

*__मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।__ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुलताई में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार सरिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसके बाद उन्होंने छात्रों को तनाव प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया। डॉ. अनुज डोनीवाल ने विद्यार्थियों को तनाव से निपटने के व्यावहारिक तरीके बताए और उन्हें आत्महत्या जैसे नकारात्मक विचारों से दूर रहकर जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में विजय पहाड़े द्वारा माइंड फुलनेस अभ्यास कराया गया। उन्होंने छात्रों को तनाव कम करने के लिए ध्यान, योग और खेलकूद को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी। महाविद्यालय के डॉ. रविशंकर शुक्ला, डॉ. विनय कुमार राठौर, डॉ. वर्षा वानखेड़े तथा प्रो. कृष्णा नरवरे ने भी मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।*

# आंगनवाड़ी, आशा, उषा और कोटवारों को शासकीय कर्मचारी बनाने की मांग

■ अजाक्स संगठन ने दसों विकासखंड में एक साथ सौंपे ज्ञापन



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, उषा कार्यकर्ताओं, स्कूलों में खाना बनाने वाली रसोइयों तथा ग्राम कोटवारों को नियमित शासकीय कर्मचारी बनाए जाने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संघ द्वारा यह ज्ञापन जिले के दसों विकास खंडों में एक साथ सौंपा गया।

## लंबे समय से दे रहे हैं सेवाएं

इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर आयोजित परामर्शदात्री समिति की बैठक में भी संघ पदाधिकारी शामिल हुए तथा अजाक्स संघ ने नवागत सीसीएफ मधु व्ही राज से सौजन्य भेंट कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं सहित आशा, उषा कार्यकर्ता, रसोइया और ग्राम कोटवार लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन आज दिनांक तक किसी भी सरकार ने उन्हें नियमित शासकीय कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया है। राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि इन सभी वर्गों को नियमित शासकीय कर्मचारी बनाया जाए। ज्ञापन देने वालों में कल्पना परते तहसील अध्यक्ष, कविता धुर्वे महासचिव, मुकेश उपराले ब्लॉक अध्यक्ष, दशरथ धुर्वे अजाक्स जिलाध्यक्ष तथा अनिल कापसे संभागीय अध्यक्ष शामिल रहे।

# युवा आदिवासी विकास संगठन ने किया यूजीसी कानून का विरोध

■ एमपीपीएससी भर्ती में पद बढ़ाने मांग को लेकर किया युवाओं ने प्रदर्शन

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। युवा आदिवासी विकास संगठन के बैनर तले युवाओं ने यूजीसी का विरोध करते हुए एमपीपीएससी में पदों को बढ़ाने और फर्जी जाति प्रमाण पत्र वालों को ढूंढकर अलग करने की मांग की है। इसी मांग को लेकर विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। संगठन ने उच्च शिक्षा में भेदभाव रोकने वाले यूजीसी विनियम 2026 को लागू करने, एमपीपीएससी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और फर्जी जाति प्रमाणपत्रों की जांच की मांग की। इस संबंध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को संबोधित एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।**



## भेदभाव समाप्त करना है उद्देश्य

संगठन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह इवने ने बताया कि 15 जनवरी 2026 को यूजीसी द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्द्धन हेतु विनियम जारी किया गया था। इसका उद्देश्य धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म स्थान या दिव्यांगता के आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त करना है। इवने के अनुसार, उच्चतम न्यायालय ने 29 जनवरी को इस विनियम पर रोक लगा दी थी। संगठन ने मांग की है कि सरकार इसे पुनः प्रभावी रूप से लागू करे, ताकि शिक्षा संस्थानों में वास्तविक समानता और गरिमा सुनिश्चित हो सके। संगठन ने एमपीपीएससी भर्ती प्रक्रिया में देरी, पदों की कमी और पारदर्शिता के अभाव पर चिंता व्यक्त की। उनका कहना है कि इससे प्रदेश के छात्र-छात्राएं मानसिक रूप से परेशान हैं।

## भर्ती के लिए पद बढ़ाने की मांग

युवा आदिवासी विकास संगठन ने मांग की है कि एमपीपीएससी भर्ती परीक्षा 2026 में पदों की संख्या बढ़ाई जाए। इसके अतिरिक्त, पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून बनाए जाएं, सभी लंबित भर्तियां जल्द पूरी की जाएं और मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं अभ्यर्थियों को दिखाई जाएं। जितेंद्र सिंह इवने ने यह भी बताया कि मुलताई और आमला क्षेत्र में गैर-आदिवासियों को गोंड/गायकी जनजाति के नाम पर जाति प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे हैं। संगठन का आरोप है कि यह वास्तविक आदिवासी समुदाय के अधिकारों का हनन है। उन्होंने ऐसे सभी प्रमाणपत्रों की जांच कर उन्हें निरस्त करने की मांग की।

## यह भी लगाए आरोप

संगठन ने वन विभाग पर भी आरोप लगाए। उनके अनुसार, बैतूल जिले के कई गांवों में आदिवासियों और अन्य वर्गों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जबकि ये लोग 40-50 वर्षों से इन क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पंचायतों में कई आदिवासियों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। संगठन ने मांग की है कि पंचायत प्रतिनिधियों के सुझाव और दस्तावेजों के आधार पर ऐसे सभी नाम दोबारा जोड़े जाएं।

# संगीत संध्या में मुंबई के किशोर पाराशर देंगे प्रस्तुति

■ 21 फरवरी को बैतूल में सजेगी आवाज के सितारे की महफिल



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले की शब्द संस्था बैतूल का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम आवाज के सितारे 21 फरवरी की रात्रि 8 बजे से जयवंती हॉक्सर शासकीय महाविद्यालय बैतूल के मुक्त आकाश मंच पर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन पूर्व सांसद अधिवक्ता स्व. विजय खंडेलवाल की स्मृति में प्रतिवर्ष किया जाता है। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्णतः निशुल्क है। पुराने गीतों के शौकीन और संगीत रसिक श्रोताओं के लिए यह शब्द संस्था की ओर से विशेष सौगात है। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए समुचित व्यवस्था भी की गई है।

## देश के विख्यात कलाकारों की प्रस्तुति

संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी देवेंद्र पाटिल और संदीप कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम में किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, मुकेश, आशा भोंसले और मन्नाडे सहित अन्य प्रसिद्ध पार्श्व गायकों के चुनिंदा और चर्चित गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। मुंबई के प्रसिद्ध कलाकार किशोर पाराशर मंच से किशोर कुमार के सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति देंगे। किशोर पाराशर विदेशों में भी अपनी प्रभावी प्रस्तुतियां दे चुके हैं। इनके अतिरिक्त अभिजीत सिंह इंदौर, आर्य पुरोहित भोपाल और परिधि बघेल पुणे अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी।

## स्थानीय कलाकार भी बिखेरेंगे सुरों का जादू

कार्यक्रम में इन अतिथि कलाकारों के साथ बैतूल के नामचिन कलाकार भी पुराने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देंगे। आयोजन को जिले के संगीत रसिक श्रोताओं को समर्पित किया जा रहा है। शब्द संस्था के संस्थापक एवं उद्घोषक अजय दुबे सहित संस्था के सभी सदस्यों ने जिले के संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। आयोजन को दिलकश नगमों की विशेष प्रस्तुति के रूप में तैयार किया गया है।

# नर्मदेश्वर महाशिवरात्रि महोत्सव में पहुंचेंगे निखिल मंत्र साधक

■ दो दिवसीय साधना शिविर में गुरुदेव देंगे विशेष दीक्षाएं

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। पुण्य सलिला मां नर्मदा की गोद और भगवान नर्मदेश्वर ज्योतिर्लिंग के सानिध्य में इस वर्ष महाशिवरात्रि पर ओंकारेश्वर में दो दिवसीय नर्मदेश्वर महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार (निखिला मंत्र विज्ञान), मध्य प्रदेश द्वारा 14 और 15 फरवरी 2026 को जयसवाल समाज ट्रस्ट धर्मशाला में यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परम पूज्य सद्गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली का सानिध्य रहेगा। बैतूल जिले से इस महोत्सव में अधिक संख्या में निखिल मंत्र साधक पहुंचेंगे।**

निखिल मंत्र साधक श्रीमती हर्षा मनोज अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के दौरान सद्गुरुदेव अपने श्रीमुख से प्रवचन देते हुए साधकों को जीवन दर्शन और आध्यात्मिक उन्नति के सूत्र बताएंगे। वे स्वयं के मार्गदर्शन में नर्मदेश्वर शिव साधनाएं संपन्न कराएंगे तथा साधकों को जीवन की बाधाओं से मुक्ति और आत्मिक प्रगति के लिए विभिन्न कल्याणकारी दीक्षाएं प्रदान करेंगे। शिविर में सामूहिक गुरु पूजन, विधिवत रुद्राभिषेक, मंत्र जाप, ध्यान साधना और भजन-कीर्तन के विशेष सत्र आयोजित होंगे। पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा और साधकों को शिवत्व के साक्षात्कार का अवसर मिलेगा।

वरिष्ठ साधक विष्णु पाटीदार ने बताया कि सद्गुरुदेव 13 फरवरी 2026 को सुबह 11:15 बजे इंदौर विमानतल पहुंचेंगे, जहां उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे सड़क मार्ग से ओंकारेश्वर शिविर स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बैतूल जिले सहित सभी निखिल शिष्यों और धर्मप्रेमियों से सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# यूजीसी के खिलाफ सवर्ण समाज लामबंद, सौंपा ज्ञापन, पुनर्विचार की मांग




**चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)।** प्रस्तावित यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) कानून के विरोध में सवर्ण समाज चिचोली द्वारा राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कानून को निरस्त करने की मांग की गई। इस कानून पर आपत्ति जताते सवर्ण समाज ने इसे उच्च शिक्षा व्यवस्था के लिए हानिकारक बताते हुए पुनर्विचार की केंद्र सरकार से मांग की। सवर्ण समाज के सदस्य नगर के बाजार चौक पर एकत्रित होकर हाथों में यूजीसी की तख्तियां लेकर काला कानून रद्द करो नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने तहसीलदार पीएस दीवान को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रस्तावित यूजीसी कानून से विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है तथा शैक्षणिक निर्णयों में अत्यधिक केंद्रीकरण की आशंका है।

सवर्ण समाज ने मांग की कि इस विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित कानून को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाएं तथा किसी भी नए प्रावधान पर निर्णय लेने से पूर्व शिक्षाविदों, राज्य सरकारों, छात्रों और विशेषज्ञों से परामर्श किया जाएं। ज्ञापन सौंपते समय समाज के विजय सिंह राजपूत, प्रमोद शुक्ला, राजेंद्र दुबे, सन्नी जैन, संदीप जैन, अंकित सिंह, विनोद जैन, आकाश जैन, अरविंद जैन, राहुल सिंह चौहान, एसडी दुबे, निखिल जैन, प्रशांत ठाकुर, आशीष ठाकुर, शैलेंद्र सिंह, पंकज जैन, सुनील जैन, गोलू जैन, अमित देशपांडे, अनुपम जैन, अरविंद जैन, लकी मिश्रा, सतीश शुक्ला, तेज बहादुर, प्रकाश जैन, आकाश जैन, निखिल जैन, नमन जैन आदि मौजूद रहे।